प्रेषक

रिटर्निंग अधिकारी,
53—नलवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र—एवं—
अतिरिक्त उपायुक्त, हिसार।

प्रेषित

श्री अनिल मान, उम्मीदवार,
इंडियन नेशनल काँग्रेस, 53—नलवा विधानसभा क्षेत्र
जिला हिसार।

क्रमांकः चुनाव—2024 / 53—नलवा / 3046 दिनांकः 23—10—2024

विषयः— **During Counting process, EVM showing 99% battery more than 80% of EVM in find two rounds as well as clock error also.**

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक चुनाव—2024 / 53—नलवा / 3001 दिनांक 18—10—2024 के निरन्तर में।

1. श्रीमान, कृप्या उपरोक्त विषय पर आपकी शिकायत दिनांक 08.10.2024 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसमें निम्न मुद्दों को उठाया गया हैः—

   i. **बैटरी पैक के ऊपर 99% चार्ज दर्शित (डिस्प्ले) होना।**
   ii. **Clock Error (डिस्प्ले) होना।**

2. उक्त संबंध में आपको अवगत कराया जाता है कि निर्वाचन से छह माह पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया का आरम्भ होता है। सर्वप्रथम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की जाती है। उसके उपरान्त रैण्डेमाईजेशन से लेकर कमीशनिंग तक, उसके बाद मतदान व मतदान की समाप्ति तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरंतर कार्यरत रहते हुये निर्वाचन कार्य को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ संपन्न किया है। परन्तु आपके द्वारा की गई उपरोक्त शिकायत से अधोहस्ताक्षरी को बहुत ठेस पहुंची है।

3. आपको पुनः अवगत कराया जाता है कि आयोग द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों में परिभाषित प्रशासनिक संरक्षोपायों के साथ प्रौद्योगिकीय सुरक्षात्मक विशेषताएं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को, कोई भी गुंजाइश न छोड़ते हुए पूरी तरह से हेर—फेर से मुक्त बनाती हैं। आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की हैंडलिंग हेतू चेक लिस्ट तैयार की है, जिसमें विनिर्माता से मशीनों के परिवहन से लेकर भंडारण शामिल है। इसके अलावा, निर्वाचन में किसी भी संभाविता का निराकरण करने के लिए क्या करें और क्या न करें भी निर्दिष्ट किए गए हैं।

4. चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को हैंडल करने के लिए एक विस्तृत एवं सख्त प्रशासनिक व्यवस्था लागू की है, जिसका उद्देश्य किसी भी प्रकार के संभव दुरुपयोग या किसी भी अनधिकृत व्यक्ति की पहुंच या किसी भी अनभिप्रेत प्रक्रियात्मक चूक को रोकना है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान से पहले, मतदान के दौरान या मतदान के बाद या भंडारण / परिवहन

के दौरान किसी भी तरह की हेर–फेर से सुरक्षित रखा जाता है। आयोग द्वारा प्रत्येक चरण पर राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की सक्रिय और अच्छी तरह से दस्तावेजीकृत सहभागिता सुनिश्चित की जाती है, ताकि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की क्षमता और विश्वसनीयता के प्रति उनका विश्वास कायम किया जा सके। सभी प्रक्रियाएं आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारियों या जिला अधिकारियों के स्तर पर क्रियान्वित किए जाते हैं। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों व उनके एजेंटों की भागीदारी की प्रणाली इतनी सशक्त है कि ईवीएम मशीनों में कोई भी बदलाव या एक स्थान से दूसरे स्थान पर इनका स्थानांतरण राजनीतिक प्रतिनिधियों की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इस प्रक्रिया के प्रमुख बिंदु दोबारा आपकी जानकारी के लिए नीचे प्रस्तुत किए जा रहे हैं:–

5. **प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी)**

5.1. पत्र सं. 51/8/16/9/2017–ईएमएस (पीएंडएल) दिनांक 09.11.2017 जिसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मैनुअल (अगस्त, 2023) में आगे और अपडेट किया गया है, में समाविष्ट आयोग के अनुदेशों के अनुसार, राज्य में प्रत्येक चुनाव से कम से कम 180 दिन पहले ईवीएम के दोनों भागों और वीवीपैट की गहन प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की जाती है। एफएलसी ईवीएम और वीवीपैट की प्रामाणिकता और उपयुक्तता सुनिश्चित करती है। प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के पर्यवेक्षण में पूरी तरह से सुरक्षित और निरापद क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विनिर्माण कंपनी के इंजीनियरों द्वारा की जाती है। डीईओ द्वारा एफएलसी का विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया जाता है और उसे कार्यक्रम के शुरू होने से कम से कम 2 दिन पहले जिला स्तर पर प्रत्येक मान्यताप्राप्त राजनीतिक दल के साथ उपयुक्त पावती के अधीन लिखित रूप में साझा किया जाता है और उसकी प्रति दल के राज्य मुख्यालयों को भेजी जाती है। यदि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एफएलसी के दौरान भाग लेने में असफल रहते हैं, तो उन्हें पावती सहित पुनः अनुस्मारक भेजा जाता है।

5.2 प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) बीयू, सीयू और वीवीपैट का एक परीक्षण है जो मशीनों की पूर्ण जांच करने के लिए विनिर्माता द्वारा विहित किया गया है। जांच के उपरांत, विनिर्माता इस बात का उचित प्रमाण पत्र देते हैं कि ईवीएम के सभी भाग औरिजनल हैं।

5.3. एफएलसी बीईएल/ईसीआईएल की एसओपी के अनुसार चौबीसों घंटे पूरी सुरक्षा के साथ सशस्त्र पुलिस बलों की मौजूदगी में एक बड़े हॉल में 24X7 सीसीटीवी कवरेज के साथ की जाती है जहां प्रवेश और निकास द्वार पर लॉग बुक रखा रखा जाता है। एफएलसी प्रक्रिया का अनुवीक्षण डीईओ और सीईओ स्तर पर स्ट्रांग रूम में वेबकास्टिंग के माध्यम से किया जाता है और उसकी रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत की जाती है।

5.4. एफएलसी के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों को उनकी पूर्ण संतुष्टि के साथ सक्रिय रूप से शामिल किया जाता है। उन्हें स्वैच्छा से किसी भी मशीन को चुनने और स्वयं मॉक पोल करने की अनुमति दी जाती है। इसके उपरान्त एफएलसी के बाद मशीनों को पिंक पेपर सील से सीलबंद करके राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर करवाते हैं।

5.5. 53—नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एफएलसी, जिला मुख्यालय में 01.08.2024 से 20.08.2024 तक संचालित किया गया था। निम्नलिखित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एफएलसी में भाग लिया था (सूची संलग्न):—

1. आईएनसी
2. आईएनएलडी
3. आम आदमी पार्टी

6. **एफएलसी के बाद स्टोरेजः—**

आयोग द्वारा एफएलसी ओके ईवीएम के स्टोरेज एवं सुरक्षा हेतू स्ट्रांग रूम के आगे राज्य सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया जाता है, जहां पर डीवीआर युक्त 24X7 सीसीटीवी कवरेज होता है तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा लॉग बुक बनाई जाती है। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), पुलिस अधीक्षक (एसपी), पर्यवेक्षक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम का दौरा करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन तक यही व्यवस्था रहती है। हिसार जिले में, "एफएलसी—ओके ईवीएम" के लिए स्ट्रांग रूम पंचायत भवन सिल्वर जूबली हाल में स्थापित किए गए थे।

7. **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का रैंडमाइजेशन :**

भारत निर्वाचन आयोग की आईटी टीम द्वारा विकसित ईवीएम प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) के जरिए दो बार रैंडमाइज की जाती हैं।

7.2 प्रथम रैंडमाइजेशनः—

(i) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के प्रथम रैंडमाइजेशन से पहले 10% मशीनें प्रशिक्षण और जागरूकता के लिए निशान — ईवीएम में "प्रशिक्षण और जागरूकता" के साथ अलग रखी जाती हैं। फिर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रथम रैंडमाइजेशन के लिए एक कार्यक्रम तय करते हैं और राज्य के सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को नियत पावती के साथ कम से कम 48 घंटे पहले लिखित रूप में निमंत्रण भेजते हैं।

(ii) डीईओ द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में यादृच्छिक रूप से मशीनें आबंटित करने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईएमएस के माध्यम से प्रथम रैंडमाइजेशन किया जाता है।

(iii) रैंडमाइज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सूची राजनीतिक दलों को दी जाती है और उनसे लिखित रूप में पावती ली जाती है।

(iv) हिसार जिलें में, प्रथम रैंडमाइजेशन 02.09.2024 को आयोजित किया गया और 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आबंटित मशीनें 08.09.2024 को प्राप्त की गई थीं। प्रथम रैंडमाइजेशन की सूचना राजनैतिक दलों को जिला निर्वाचन अधिकारी हिसार के कार्यालय के पत्र कमांक निर्वाचन–2024 / 3957 दिनांक 30.08.2024 द्वारा दी गई थी। **(Annexure- C & D)**

(v) निर्वाचन क्षेत्र के लिए आबंटित ईवीएम पंचायत भवन हिसार पर पृथक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र स्ट्रॉग रूम में स्टोर किया गया था। उक्त प्रकिया के दौरान आईएनसी से श्री अनील बिश्नोई व श्री भूप सिंह मौजूद रहें। **(Annexure-E)**

(vi) भंडारण की सम्पूर्ण प्रक्रिया वीडियोग्राफी के अधीन पूरी की गई तथा सुरक्षा और सीसीटीवी कवरेज के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं।

**7.3. द्वितीय रैंडमाइजेशनः–**

(i) उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा द्वितीय रैंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और आयोग के पर्यवेक्षकों, जो अन्य राज्यों के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी होते हैं, की उपस्थिति में किया जाता है।

(ii) राजनैतिक दलों को द्वितीय रैंडमाइजेशन के कार्यक्रम की सूचना, लिखित रूप में, दी जाती है।

(iii) राजनैतिक दलों और श्रीमती पी. रमना सरस्वती, भा0प्र0से0, सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 24.09.2024 को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के द्वितीय रैंडमाइजेशन का संचालन किया। उक्त अवसर पर आईएनसी के श्री सुनील कुमार मौजूद रहें। **(Annexure-G)**

**8. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को कमीशनिंगः–**

8.1 उम्मीदवारियां वापस लेने के पश्चात, रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को चालू करने और उनमें उम्मीदवारों को सेट करने का कार्यक्रम तैयार करते हैं।

8.2 सभी उम्मीदवारों को कार्यक्रम की सूचना दी जाती है जिसमें उनसे मशीनों को चालू करने की प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया जाता है तथा उम्मीदवारों से मॉक पोल प्रक्रिया में भाग लेने

का अनुरोध किया जाता है। उक्त कार्य 24*7 सीसीटीवी कवरेज में सुरक्षित परिवेश में एक पृथक हॉल में किया जाता है।

8.3 कमीशनिंग के कार्य का संचालन सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) और आरओ द्वारा तैनात किए गए अन्य अधिकारियों द्वारा बीईएल/ईसीआईएल की तकनीकी टीम की सहायता से हॉल में मौजूद आरओ, आयोग के पर्यवेक्षक और सभी उम्मीदवारों की उपस्थिति में किया जाता है तथा पारदर्शिता लाने के लिए, लोड किए जा रहे चुनाव चिन्हों को प्रदर्शित करने के लिए उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) के साथ अलग से टीवी मॉनिटर संस्थापित किए जाते हैं।

8.4 इस समय, विनिर्माण कंपनी के इंजीनियर फिर से मशीन के हरेक कल–पुरजे की जांच करते हैं और उसे उम्मीदवारों को दिखाने के बाद रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) को प्रमाणपत्र देते हैं।

8.5 पहले, बैलेट यूनिट (बीयू) तैयार और सीलबंद किया जाता है, तब वीवीपैट यूनिट तैयार किया जाता है। एक नया पावर पैक (बैटरी) और नया पेपर रोल डाला जाता है। वीवीपैट कम्पार्टमेंट को सील बंद करने के पश्चात, कंट्रोल यूनिट (सीयू) तैयार किया जाता है और उसमें उम्मीदवारों को सेट किया जाता है। सीयू में एक बिलकुल नया पावर पैक (Battery) डाला जाता है।

8.6 सभी तीनों (3) यूनिटों को तैयार करने एवं पुरानी प्रयुक्त की गई बैटरी को बिलकुल नई बैटरी से प्रतिस्थापित करने के बाद सीयू, बीयू और वीवीपैट के केबलों को जोड़ा जाता है और इस बात की जांच करने के लिए कि ईवीएम और वीवीपैट ठीक तरीके से काम कर रही हैं या नहीं, मॉक पोल किया जाता है।

8.7 संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, मशीन को बंद कर दिया जाता है, वीवीपैट तथा सीयू को सीलबंद कर दिया जाता है। वीवीपैट और सीयू के बैटरी सेक्शनों को भी थ्रेड सील और एड्रेस टैग का इस्तेमाल करके सीलबंद कर दिया जाता है।

8.11 ईवीएम और वीवीपैट की सभी मुहरों (सील) पर रिटर्निंग अधिकारी और उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों/एजेंटों द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं।

8.12 कमीशनिंग के बाद मशीनें आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट सभी प्रोटोकॉल के साथ पुनः स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थी।

8.13 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमीशनिंग और भंडारण 26.09.2024 को सिल्वर जूबली हाल, पंचायत भवन हिसार में पर्यवेक्षक और निम्नलिखित आईएनसी, बीएसपी, आप तथा निर्दलीय उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था:–

1. श्री अभिजित सिंह 2. श्री सुनील कुमार 3. श्री नानक देव 4. श्री जतिन शर्मा 5. श्री जोगिन्द्र **(Annexure-I)**

9. **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रेषण** (Dispersal)

9.1 आयोग के अनुदेशों अनुसार पोलिंग टीमों की रवानगी के समय रिटर्निंग अधिकारी उम्मीदवारों को स्ट्रांग रूम खोलने की तारीख और समय की सूचना लिखित रूप में दी जाती है।

9.2 रिटर्निंग अधिकारी की मौजूदगी में, आयोग के पर्यवेक्षक और उम्मीदवार/उनके एजेंट, पोलिंग टीमों के पीठासीन अधिकारी इस बात की पूरी तरह जांच करते हैं कि बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट विधिवत रूप से सीलबंद किए गए हैं और उनकी मुहर (सील) और पता टैग अक्षत हैं और बैटरियां संस्थापित की गई हैं।

9.3 उम्मीदवार, सुरक्षा कार्मिक के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी देखते हैं।

9.4 ईवीएम नियंत्रण कक्ष द्वारा पोलिंग टीमों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ढोने वाले वाहनों की आवाजाही (मूवमेंट) का अनुवीक्षण जीपीएस और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए राज्य के डीईओ और सीईओ के स्तरों पर किया जाता है [कृपया अनुदेशों के सार–संग्रह, 2024 (खंड I) में उपलब्ध आयोग के अनुदेश सं. 51/8/आईएनएसटी/2019–ईएमपी, दिनांक 05.02.2019 का अवलोकन करें]

9.5 डीईओ सभी अभ्यर्थियों और पर्यवेक्षकों को संबंधित सेक्टर अधिकारियों के विवरण के साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ढोने वाले सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों और विवरण की अधिसूचना देते हैं।

9.6 53–नलवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये पोलिंग पार्टीयों की रवानगी (Dispersal) हेतू की सूचना इस कार्यालय द्वारा सभी उम्मीदवारों को दी गई थी, जिसमें आपके प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार मौजूद रहे थे। **(Annexure-K)**

10. **मतदान दिवस की व्यवस्थाएं:–**

10.1 आयोग ने अपने अनुदेश सं. 51/8/अनु./2023–ईएमएस, दिनांक 16.10.2023 के जरिए मतदान के दिन मतदान केंद्र पर ईवीएम हैंडलिंग और पीठासीन अधिकारी और पोलिंग पदधारियों द्वारा किए जाने वाले संरक्षोपायों की एक विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की है।

10.2 वास्तविक मतदान आरंभ होने से पूर्व, आयोग के अनुदेश सं. 51/8/7/2019–ईएमएस, दिनांक 30.09.2019 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार उम्मीदवारों के मौजूद पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉक पोल किया जाता है। जिसके तहत कम से कम 50 वोट डाले जाते हैं कि नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए वोट दर्ज हो जाएं।

10.4 मॉक पोल के परिणामों को अभिनिश्चित करने के बाद, वीवीपैट पर्चियां निकाली जाती हैं और मॉक पोल के आंकड़ों को हटा दिया जाता है और कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट को फिर से विधिवत रूप से सीलबंद कर दिया जाता है।

10.5 मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया पोलिंग एजेंटों को दिखाई जाती है और उनके हस्ताक्षर लिए जाते हैं। उन्हें पेपर सीलों और थ्रेड सीलों पर भी हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाती है। पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉक पोल की तारीख और समय के साथ एक मॉक पोल प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।

10.6 पीठासीन अधिकारी छद्म मतदान प्रमाण पत्र और पीठासीन अधिकारियों की डायरी में वास्तविक मतदान आरंभ होने की तारीख और समय भी नोट करते हैं।

10.8 कंट्रोल यूनिट में "अल्प बैटरी" के संकेत की दशा में, कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट का पावर पैक, जो भी मामला हो, आयोग की पत्र सं. 51/8/7/2020–ईएमएस, दिनांक 25.08.2020 में समाविष्ट निर्देशों के अनुसार तत्काल बदले जाने होते हैं।

10.10 सेक्टर अधिकारी को आरक्षित (Reserve)मशीनें आबंटित की जाती हैं और जहां भी जरूरत होती है, मशीनें बदल दी जाती हैं। यदि किसी मशीन को बदला जाता है, तो मॉक पोल और सीलबंद करने की संपूर्ण प्रक्रिया नई मशीन पर दोहराई जाती है। पोलिंग एजेंटों को मुहरों (सील) पर अपने हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाती है।

10.12 मतदान की समाप्ति के बाद, पीठासीन अधिकारी कंट्रोल यूनिट का क्लोज बटन दबाकर मशीन को बंद कर देता है। वह फॉर्म 17ग में ईवीएम में दर्ज वोटों की कुल संख्या और पीठासीन अधिकारी की डायरी में मतदान की समाप्ति की तारीख और समय नोट करता है। फॉर्म 17ग में दर्ज विवरण मतदान की समाप्ति के समय पर मौजूद पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किए जाते हैं इसके बाद पीठासीन अधिकारी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपीएटी को डिस्कनेक्ट कर देता है और बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट को खोल (कैरिईंग केस) में डाल देता है। पीठासीन अधिकारी वीवीपैट का पावर पैक (बैटरी) निकालता है और फिर मतदान केंद्र में मौजूद पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट को सीलबंद कर देता है। इसके बाद वह एड्रेस टैग पर अपना हस्ताक्षर करता है और उस पर पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर कराता है। तदोपरान्त मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा में संग्रहण केंद्र (कलेक्शन सेंटर) तक ले जाई जाती हैं।

11. **मतयुक्त ईवीएम का भंडारण (Storage)**

11.1 मतयुक्त ईवीएम और आरक्षित नाकाम ईवीएम के भंडारण (Storage) के लिए, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पहले से ही स्ट्रांग रूम तैयार किए जाते हैं।

11.2 मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें उपयुक्त वीडियोग्राफी के तहत अभ्यर्थियों और उनके एजेंटों को पूर्व में सूचना देकर आयोग के पत्र सं. 464/स्ट्रांग रूम/2023–ईपीएस, दिनांक 18.07.2023 में समाविष्ट अनुदेशों के अनुसार, सुरक्षित भंडारण के लिए जमा कर दी जाती हैं।

11.3 मतयुक्त ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम में, संबंधित रैकों में खास–खास मतदान केंद्रों की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का ढेर लगाने के लिए फ्लोर स्पेस नामोद्दिष्ट किया जाता है।

11.4 **आयोग ने मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के भंडारण के लिए सख्त सुरक्षात्मक एवं संरक्षात्मक उपाय निर्धारित किए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं–**

(i) बिना किसी खिड़की या वैकल्पिक दरवाजे के स्ट्रांग रूम में एक ही प्रवेश द्वार होना।

(ii) स्ट्रांग रूम में डबल लॉक सिस्टम होता है। लॉक–1 की चाबियां रिटर्निंग अधिकारी के पास रहती हैं जबकि लॉक–2 की चाबियां सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास रहती हैं।

(iii) द्विस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहती है जिसमें सबसे भीतरी परिधि सीएपीएफ कवरेज के अधीन और बाह्य परिधि राज्य सशस्त्र पुलिस बल के अधीन रहती है।

(iv) स्ट्रांग रूम की संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए डीवीआर सहित 24*7 सीसीटीवी कैमरे और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है।

(v) प्रत्येक प्रवेश, निकास के लिए और सुरक्षा कर्मियों के ड्यूटी रोस्टर के लिए सीएपीएफ द्वारा उचित उपयुक्त लॉग बुक बनाए रखा जाता है। आंतरिक परिधि को पार करने वाले व्यक्ति की तिथि, समय, अवधि और नाम लॉग बुक में दर्ज प्रविष्ट किए जाते हैं और प्रत्येक मामले में हस्ताक्षर लिए जाते हैं। इसमें पर्यवेक्षक या जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) या पुलिस अधीक्षक (एसपी) या उम्मीदवार या उनके एजेंट या किसी अन्य व्यक्ति के दौरे (विजिट) शामिल हैं।

(vi) कोई भी वाहन, जिसमें किसी भी पदधारी या मंत्री या किसी अन्य राजनीतिक पदाधिकारी के वाहन शामिल हैं, को उस सुरक्षित परिसर के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं है जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें और वीवीपैट तथा चुनावी कागजात निर्वाचन पत्र स्टोर किए गए हैं।

(vii) उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोलते और बंद करते समय प्रवेश बिंदु की निरंतर वीडियोग्राफी की जाती है।

(viii) उम्मीदवार आंतरिक परिधि के बाहर से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते रहने के लिए अपने लोगों को तैनात कर सकते हैं।

11.5 53–नलवा की मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सामान्य पर्यवेक्षक और निम्नलिखित दलों के अभ्यर्थियों/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 05.10.2024 को रात्रि 11:35 बजे, सिल्वर जूबली हाल, पंचायत भवन हिसार के स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थीः–

1. आईएनसी
2. बीजेपी
3. निर्दलीय

12. **फॉर्म 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा (Scrutiny):–**

12.1 फॉर्म 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा (Scrutiny) के लिए नियत दिन पर, जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी, पर्यवेक्षक और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों/उनके निर्वाचन एजेंटों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रपत्र स्ट्रांग रूम वीडियोग्रॉफी के अधीन खोला जाता है।

12.2 फॉर्म 17क और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा (Scrutiny) पूरी होने के बाद, उन्हें उनके संबंधित पैकेटों में फिर से पैक किया जाता है और लॉग–बुक में प्रविष्टि करने तथा उस समय उपस्थित सभी उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक और रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर लेने के बाद स्ट्रांग रूम को बंद और सीलबंद कर दिया जाता है।

12.3 फॉर्म 17क और अन्य दस्तावेजों वाले स्ट्रांग रूम को खोलने और बंद करने की संपूर्ण प्रक्रिया की विधिवत रूप से वीडियोग्राफी की जाती है।

12.4 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में संवीक्षा (Scrutiny) की प्रक्रिया 06.10.2024 प्रातः 11:00 बजे सिल्वर जूबली हाल, पंचायत भवन, हिसार में, सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में की गई। **(Annexure-N)**

13. **मतों की गिनतीः–**

13.1 मतगणना के दिन, मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों वाले वज्र गृह (स्ट्रांग रूम) को उम्मीदवारों/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों, भारत निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, आरओ/एआरओ की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के अधीन खोला जाएगा।

13.2 मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक ले जाने की तैयारी निरापद रास्ते से सुरक्षित तरीके से की जाती है। इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि दो स्ट्रांग रूमों की मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आवाजाही (मूवमेंट) का रास्ता एक–दूसरे से न टकराए। मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आवाजाही (मूवमेंट) की वीडियोग्राफी भी की जाती है।

13.3 मतगणना हॉल में केवल कंट्रोल यूनिट (सीयू) ही लाई जाएंगी।

13.4 कंट्रोल यूनिट (सीयू) को चालू करने से पहले, उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों की उपस्थिति में मतगणना स्टाफ द्वारा सील की गहन जांच की जाती है।

13.5 कंट्रोल यूनिट में दर्ज मतों का मिलान फॉर्म 17ग में उल्लिखित मतों की कुल संख्या से किया जाता है, जिसे पहले ही मतदान केंद्रों पर उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के साथ साझा किया गया था।

13.6 कंट्रोल यूनिट पर मतदान का प्रारंभ समय एवं तारीख और मतदान की समाप्ति समय और तारीख सत्यापित की जाती है और पोलिंग एजेंटों को दिखाई जाती है।

13.7 मतगणना एजेंट फॉर्म 17ग में हस्ताक्षर करके प्रमाणित करते हैं कि कंट्रोल यूनिट वही है जिसका उपयोग उसी मतदान केंद्र में किया गया था।

13.8 आयोग ने पोलिंग स्टाफ द्वारा प्रक्रियात्मक चूक करने या मतदान की तारीख और समय के विवरण में असंगति के मामले में उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पष्ट अनुदेश दिए हैं।

13.9 प्रत्येक चक्र की मतगणना पूरी होने पर, रिटर्निंग अधिकारी उस चक्र के परिणाम की घोषणा करते हैं। इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीनों में मतों की गणना के आखिरी चक्र के अंत में, रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5 यादृच्छिक रूप से चयनित मतदान केंद्रों की वीवीपैट पर्चियों का अधिदेशात्मक सत्यापन करते हैं।

13.10 इन 5 इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीनों का यादृच्छिक चयन आयोग द्वारा अपने अनुदेश सं. 51/8/वीवीपैट–अनु./2019–ईएमपीएस, दिनांक 15.04.2019 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आरओ द्वारा चिट्ठी डालने (ड्रॉ ऑफ लॉट) के माध्यम से किया जाता है।

13.11 उम्मीदवारों को चिट्ठी डालने (ड्रॉ ऑफ लॉट) के संबंध में पहले से लिखित सूचना दी जाती है।

13.12 यदि ईवीएम में दर्ज मतों और वीवीपैट पेपर पर्ची गणना के बीच कोई असंगति होती है, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 56(घ)(4)(ख) के अनुसार वीवीपैट पेपर पर्ची मान्य होगी।

13.13 ईवीएम मतगणना और अधिदेशात्मक वीवीपैट पेपर पर्ची गणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाती है।

13.14 मतगणना के शुरू होने से लेकर परिणाम घोषित किए जाने तक आयोग के पर्यवेक्षक मौजूद बने रहते हैं।

13.15 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में, सिल्वर जूबली हाल, पंचायत भवन हिसार में 08.10.2024 को आयोग के पर्यवेक्षक और उम्मीदवार/उनके मतगणना/चुनाव एजेंट की उपस्थिति में मतगणना

संपन्न हुई। उक्त दिवस को मतगणना से पूर्व स्ट्रांग रूम को प्रातःकाल में खोला गया तथा आप स्वयं श्री अनिल मान भी उस प्रकिया के दौरान उपस्थित रहें। विभिन्न उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों के साथ–2 आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक भी इस समय मौजूद थे तथा सम्पूर्ण प्रकिया की विडियोंग्राफी की गई, जोकि सक्षम प्राधिकारी के पास संरक्षित है। वैसे मतदान केंद्र जो अधिदेशात्मक वीवीपैट पर्ची गणना के लिए यादृच्छिक रूप से चयनित किए गए थे, जोकि मतदान केंद्र संख्या 07, 15, 105, 151, 157 पर थे। **(Annexure-M)**

14. **उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि** राजनीतिक दल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार/उनके एजेंट चुनाव की विभिन्न प्रक्रियाओं में शामिल रहे हैं। आयोग के प्रत्येक दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया एवं समय–समय पर आपको इन प्रक्रियाओं के बारे में समय से सूचित भी किया गया। आपके उम्मीदवार/प्रतिनिधि विभिन्न प्रक्रियाओं में शामिल रहे थे तथा चुनाव के विभिन्न सोपानों का उनके समक्ष कार्यान्वयन किया गया है जिनका पुनः विवरण निम्नवत हैः–

i. एफएलसी का कार्यक्रम हिसार के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र सं. निर्वाचन–2024/3380 दिनांक 29.07.2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें तथा उक्त प्रकिया में दिनांक 16.08.2024 को कुल 03 मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये, जिसकी उपस्थिति रिपोर्ट साथ सलंग्न है। **(Annexure- A & B)**

ii. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की एफएलसी हिसार जिले में 01.08.2024 से 20.08.2024 तक सिल्वर जूबली हाल, पंचायत भवन पर आयोजित की गई थी और इस प्रक्रिया के दौरान 16.08.2024 को आईएनसी के प्रतिनिधि सहित कुल 03 दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। **(Annexure- A & B)**

iii. एफएलसी हॉल में डीईओ द्वारा बनाए रखे गए लॉग रजिस्टर में 16.08.2024 को आईएनसी प्रतिनिधि श्री अनील तथा श्री अनुपाल की उपस्थिति के बारे में विवरण है। यह प्रक्रिया सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और आईएनसी सहित किसी के भी द्वारा कोई आपत्ति/मुद्दा नहीं उठाया गया था। **(Annexure- B)**

iv. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्यक्रम हिसार जिलें के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र सं. निर्वाचन–2024/3957 दिनांक 30.08.2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें तथा उक्त प्रकिया में दिनांक 02.09.2024 को प्रातः 11:00 बजे कुल 06 मान्यताप्राप्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थें,

जिसमें आईएनसी का प्रतिनिधित्व श्री अनील बिश्नोई द्वारा किया गया, जिसकी उपस्थित रिपोर्ट साथ सलंग्न है। **(Annexure- C & D)**

v. प्रथम रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान श्री अनील बिश्नोई (आईएनसी के प्रतिनिधि) उपस्थित थे। यह प्रक्रिया सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ पूरी हुई और आईएनसी सहित किसी के भी द्वारा कोई आपत्ति/मुद्दा नहीं उठाया गया था। **(Annexure- D)**

vi. प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें श्री अनील बिश्नोई तथा श्री भूप सिंह (आईएनसी के प्रतिनिधि) की उपस्थिति में दिनांक 08.09.2024 को स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थीं। **(Annexure- E)**

vii. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के द्वितीय रैंडमाइजेशन का कार्यक्रम जिला निर्वाचन कार्यालय हिसार के पत्र कमांक निर्वाचन–2024/4355 दिनांक 22.09.2024 के तहत जारी किया गया, जिसके अनुसरण में 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आरओ होने के नाते मेरे द्वारा पत्र सं. निर्वाचन–2024/53–नलवा/1431 दिनांक 24.09.2024 के तहत आगामी कार्यवाही अमल में लाई गई। जिसके तहत दिनांक 24.09.2024 को प्रातः 11:00 बजे माननीय सामान्य पर्यवेक्षक तथा राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में द्वितीय रैंडमाइजेशन किया गया, जिसमें आईएनसी का प्रतिनिधित्व श्री सुनील कुमार द्वारा किया गया, जिसकी उपस्थिति रिपोर्ट साथ संलग्न है। **(Annexure- F)**

viii. द्वितीय रैंडमाइजेशन के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें आपके प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार की उपस्थिति में 24.09.2024 को स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थीं। इस प्रक्रिया के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक भी उपस्थित थे। **(Annexure- G)**

ix. 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को चालू करने (कमीशनिंग) का कार्य 26.09.2024 को सिल्वर जूबली हाल, पंचायत भवन पर किया गया था। इसका कार्यक्रम पत्र चुनाव–2024/53–नलवा/1396–1408 दिनांक 24–09–2024 के जरिए आईएनसी सहित सभी उम्मीदवारों के साथ लिखित रूप में यह अनुरोध करते हुए साझा किया गया था कि कार्यक्रम का निरीक्षण करें और मॉक पोल में भाग लें, जिसमें कुल 05 प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। **(Annexure- H)**

x. कमीशनिंग प्रक्रिया के दौरान, आप/आपके प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार उपस्थित थे। कमीशनिंग के समय आप/आपके प्रतिनिधि द्वारा कोई मुद्दा नहीं उठाया गया था। यह प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों/उनके प्रतिनिधियों की संतुष्टि के साथ सम्पूर्ण हुई। **(Annexure- I & J)**

xi. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें पुनः आपके प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में स्टोर की गई थीं। **(Annexure- J)**

xii. इसके अतिरिक्त, दिनांक 04.10.2024 को आपके प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और पोलिंग पार्टियों के प्रेषण (डिस्पर्सल) हेतू स्ट्रांग रूम खोला गया। **(Annexure- K)**

xiii. बैलट यूनिटों (बीयू) और कंट्रोल यूनिट (सीयू) के सभी एड्रेस टैग सील के साथ अक्षत थे और उस समय आपके/आपके प्रतिनिधि द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की संरक्षा और सुरक्षा के बारे में कोई भी मुद्दा/चिंता व्यक्त नहीं की गई थी। इस प्रक्रिया के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक भी उपस्थित थे।

xiv. मतदान के दिन, वास्तविक मतदान से पहले, 53–नलवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर आपके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक पोल आयोजित किया गया था। मॉक पोल पूरा होने के प्रमाण पत्र पर आपके पोलिंग एजेंटों द्वारा हस्ताक्षर भी किए गए थे और मॉक पोल प्रक्रिया या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली के बारे में आपके/आपके पोलिंग एजेंटों द्वारा कोई मुद्दा नहीं उठाया गया था।

xv. वास्तविक मतदान की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की गई तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान आपके पोलिंग एजेंटों द्वारा किसी भी मतदान केन्द्र पर आपत्ति दर्ज नहीं की गई।

xvi. वास्तविक मतदान पूरा होने के बाद, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को आपके पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में संबंधित पीठासीन अधिकारियों द्वारा सीलबंद कर दिया गया था और उस समय भी मतदान प्रक्रिया और ईवीएम की कार्यप्रणाली पर आपके/आपके प्रतिनिधियों से कोई शिकायत/मुद्दा प्राप्त नहीं हुआ था।

xvii. मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें पोलिंग पार्टियों द्वारा अभिज्ञात लोकेशनों पर जमा कर दी गई थीं और उसके बारे में आपको काफी समय रहते बता दिया गया था। स्ट्रांग रूम के लॉग रजिस्टर के अनुसार, मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें आपकी उपस्थिति में/आपके प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार और सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में दिनांक 05.10.2024 को रात्रि 11:35 पर स्टोर की गई थीं और उन सबकी उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को बंद भी किया गया था। उस समय भी आपके/आपके प्रतिनिधि की ओर से कोई शिकायत या मुद्दा नहीं उठाया गया था। **(Annexure- L)**

xviii. दिनांक 05.10.2024 को स्ट्रांग रूम बंद होने के बाद से दिनांक 08.10.2024 को मतगणना की तिथि तक मतयुक्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें स्ट्रांग रूम में रखी गई थीं, जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस की सुरक्षा में था। अधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही के लिए सख्त प्रोटोकॉल का पालन किया गया था, स्ट्रांग रूम में आवाजाही पर नियमित रूप से नजर बनाए रखी। उस समय न तो आपने और न ही आपके प्रतिनिधि ने मेरे या किसी एआरओ के पास कोई मुद्दा/शिकायत उठाई/दर्ज की।

